>

Title: Need to open level crossing no. 121C on Ahmedabad-Himmatnagar-Khedbrahma section in Sabarkantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा (गुजरात), जो कि आदिवासी एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों का क्षेत्र है तथा देश की आजादी के 64 वर्ष बीत जाने के बाद भी विकास की दौड़ में काफी बिछड़ा एवं पिछड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में इतने वर्षों बाद भी रेल परिवहन का अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। इसलिए इस क्षेत्र के लिए रेल खास उपयोगी साबित नहीं हो पा रही है।

इस क्षेत्र की वर्तमान में एक बड़ी ही गंभीर समस्या यह है कि पश्चिम रेलवे-विभाग के अहमदाबाद-हिम्मतनगर-खेडब्रह्म प्रखंड के मध्य में स्थित मानवरहित समपार नं0 121 सी जो कि पिछले 50 से ज्यादा सालों से स्थित है तथा इस क्षेत्र के केशरगंज इत्यादि पांच-छः गांवों के लोगों, विशेषकर किसानों के लिए ज्यादा उपयोगी था। इस समपार को रेल विभाग ने क्षेत्रीय ग्रामीण लोगों को विश्वास में लिए बगैर तथा उसका विकल्प दिए बिना सिर्फ कम यातायात का बहाना बनाकर बंद कर दिया है।

इसी समपार को खुलवाने हेतु अभी एक जन आंदोलन हुआ। उस वक्त रेल अधिकारियों ने हमें आश्वासन दिया था कि हम यह जरूरी फाटक खोल देंगे लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। इसी संदर्भ में हमने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से भी भेंट की थी, तब उन्होंने कहा था कि अगर आपके जिला कलेक्टर समपार खोलने की मांग करेंगे तो हम खोल देंगे। बाद में जिला कलेक्टर ने भी 121 सी समपार को खोलने की मांग की लेकिन फिर भी कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला तथा अभी भी यहां के क्षेत्रवासी समपार बंद होने की वजह परेशान हैं।

मेरा सरकार से निवेदन है कि उक्त समपार के आसपास के निवासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए संबंधित रेल अधिकारियों को समपार को खोलने हेतु निर्देशित करें।